उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19सी, तुलसी गंगा कॉम्प्लेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226001
दूरभाष/फैक्स: 0522-2235752 फैक्स- 0522-2235806
Web-www.uppbpb.gov.in

संख्याः पीआरपीबी–चार–4(1)–मृ0आ0(SIC-02)/2025 दिनांकः जनवरी 30 ,2026

# सूचना/विज्ञप्ति

## सेवाकाल में दिवंगत पुलिस कर्मियों के आश्रितों को पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक/लेखा) के पद पर सेवायोजन हेतु टंकण/हिन्दी आशुलिपि श्रुतलेख परीक्षा के आयोजन के सम्बन्ध में

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा सेवाकाल में दिवंगत पुलिस कर्मियों के आश्रितों को पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पदों पर सेवायोजन हेतु अधियाचन एवं पात्र अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड को प्रेषित की गयी है, जिसका विवरण निम्नवत् है :–

| क0 सं0 | पदनाम | पदों की संख्या | अभ्यर्थियों की संख्या/सूची | सुसंगत प्रभावी नियम/नियमावली |
|---|---|---|---|---|
| 01 | पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) | 02 | 13 (परिशिष्ट–1) | उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा नियमावली–2015 (यथा संशोधित) एवं पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का पत्र संख्याः18/ए–1(124)–2013 दिनांक 24.11.2015 |
| 02 | पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) | 05 | 49 (परिशिष्ट–2) | |
| 03 | पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) | 02 | 04 (परिशिष्ट–3) | |

2– बोर्ड द्वारा पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 से प्राप्त अधियाचनों/नियमों/नियमावली के साथ प्रेषित पात्र अभ्यर्थियों की सूची (पात्रता सूची) के क्रम में पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पद पर भर्ती हेतु इनस्क्रिप्ट की बोर्ड का प्रयोग करते हुये यूनीकोड आधारित टंकण परीक्षा या/एवं आशुलिपि श्रुतलेख परीक्षा तथा लिखित परीक्षा उसी प्रकार से आयोजित की जायेगी, जो तत्समय प्रचलित नियमावली के अनुसार इस पद पर सीधी भर्ती हेतु किसी अभ्यर्थी की हो।

3– तदनुसार पात्र अभ्यर्थियों की पदवार दक्षता मूल्यांकन परीक्षा, मूल्यांकन की प्रक्रिया एवं मानक निम्नानुसार हैं :–

### (1) पुलिस उपनिरीक्षक, गोपनीय (परिशिष्ट–1 में अंकित पात्र अभ्यर्थियों हेतु)

| टंकण की भाषा | गति | टंकण हेतु निर्धारित समय | टंकण के लिये दिये गये कुल शब्द | शुद्धता का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| अंग्रेजी टंकण | 30 शब्द प्रति मिनट | 15 मिनट | 500 | 85 प्रतिशत |
| हिन्दी टंकण | 25 शब्द प्रति मिनट | 15 मिनट | 400 | 85 प्रतिशत |

ऐसे अभ्यर्थी जो उपरोक्तानुसार कम्प्यूटर टंकण में उत्तीर्ण होते है, आशुलिपि श्रुतलेख परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र होंगे। आशुलिपि श्रुतलेख परीक्षा अर्हकारी प्रकृति की होगी । परीक्षा की प्रक्रिया निम्नलिखित प्रकार हैः–

**(क) आशुलिपि परीक्षा की प्रक्रिया–**

(1)– हिन्दी आशुलिपि श्रुतलेख परीक्षा की गति 80 शब्द प्रति मिनट की है, जिसमें 05 मिनट में कुल 400 शब्दों का डिक्टेशन दिया जायेगा।

(2)– अभ्यास के लिये अभ्यर्थियों को पहले दो–दो मिनट की अवधि के दो परीक्षण अंश डिक्टेट किये जायेगें जिन्हे लिखना अनिवार्य नहीं है।

(3)– इसके उपरान्त आशुलिपि श्रुतलेख परीक्षा के लिये 05 मिनट का डिक्टेशन दिया जायेगा। अभ्यर्थी डिक्टेशन को उपलब्ध करायी गयी शार्ट हैण्ड नोटबुक में हिन्दी आशुलिपि में अंकित करेगें।

(4)– डिक्टेशन के उपरान्त अभ्यर्थी को 40 मिनट का समय दिया जायेगा। इस अवधि में अभ्यर्थी हिन्दी आशुलिपि में अंकित लेख की समीक्षा करेगा एवं हिन्दी आशुलिपि में अंकित श्रुतलेख को हिन्दी में टंकण (ट्रांसक्रिप्शन) करेगा।

(5)– हिन्दी टंकण यूनीकोड इन्स्क्रिप्ट की–बोर्ड पर आधारित होगा।

(6)– आशुलिपि श्रुतलेख परीक्षा समाप्त होने के उपरान्त अभ्यर्थी शार्टहैन्ड नोटबुक में अपना नाम व रोल नम्बर लिख कर अपने हस्ताक्षर करेगें तथा उसे कक्ष निरीक्षक को सौप देंगे।

(7)– शार्टहैण्ड नोट बुक में हिन्दी आशुलिपि में अंकित लेख की जाँच की जायेगी किन्तु उसे मूल्यांकन प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। टंकण (ट्रांसक्रिप्शन) का ही मूल्यांकन होगा।

(8)– उक्त परीक्षा में ट्रांसक्रिप्शन किये गये शब्दों की 15 प्रतिशत तक की त्रुटि अनुमन्य होगी। 15 प्रतिशत से अधिक त्रुटि करने वाले अभ्यर्थी असफल माने जायेंगे।

(9)– परीक्षा का आयोजन बोर्ड द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर किया जायेगा।

(10)– हिन्दी आशुलिपि श्रुतलेख के लिए परीक्षा केन्द्र/स्थान पर बोर्ड अथवा प्राधिकृत एजेन्सी द्वारा शार्ट हैण्ड नोटबुक प्रदान की जायेगी। अभ्यर्थियों को स्वयं की शार्ट हैण्ड नोटबुक लाने की अनुमति नहीं होगी।

(11)– आशुलिपि श्रुतलेख के उपरान्त टंकण (ट्रांसक्रिप्शन) के लिये परीक्षा केन्द्र/स्थान पर प्राधिकृत एजेन्सी द्वारा कम्प्यूटर प्रदान किया जायेगा। अभ्यर्थियों को स्वयं का की–बोर्ड लाने की अनुमति नहीं होगी।

(12)– किसी भी अभ्यर्थी को आशुलिपि श्रुतलेख के उपरान्त उसकी टंकण (ट्रांसक्रिप्शन) परीक्षा में कोई छूट अनुमन्य नहीं होगी ।

**(ख)– टंकण किये गये ट्रांसक्रिप्शन का मूल्यांकन निम्नानुसार किया जायेगा :–**

**(i) पूर्ण गलतियाँ :–**

(1) प्रत्येक शब्द या अंक का लोप यदि शब्दों का समूह लोप किया जाता है, तो लोप किए गए शब्दों की वास्तविक संख्या के बराबर गलतियाँ गिनी जाएंगी।

(2) गलत शब्द या अंक का प्रत्येक प्रतिस्थापन। यदि कोई अंक सही ढंग से लिखा गया है, चाहे वह अंक में हो या शब्दों में, तो उसे स्वीकार्य माना जाएगा और गलती नहीं माना जाएगा। गलतियों की संख्या, उम्मीदवार द्वारा न लिखे गए बोले गए शब्दों की संख्या और गलत तरीके से प्रतिस्थापित किए गए शब्दों की संख्या के बराबर होगी।

(3) किसी भी ऐसे शब्द, अंक या प्रतीक का जोड़ना जो निर्देशित अंश में मौजूद नहीं है।
(4) शब्द की पुनरावृत्ति के लिए, उदाहरण के लिए, 'मैं आभारी रहूंगा, रहूंगा।
(5) प्रत्येक अपूर्ण शब्द (शब्दों) के लिए।
(6) अनुच्छेद के सभी बचे हुए अटंकित शब्द।
(7) उम्मीदवारों को बोले गए शब्दों को हूबहू टाइप करना होगा। विस्तारित शब्दों के लिए प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षरों को पूर्ण त्रुटि माना जाएगा, और इसके विपरीत भी।

**(ii) आधी गलतियाँ:–**

(1) गलत वर्तनी ।
(2) बहुवचन संज्ञा के लिए एकवचन का प्रयोग करना और इसके विपरीत ।
(3) वाक्य के अंत में प्रत्येक पूर्ण विराम का लोप, या वाक्य में गलत स्थान पर पूर्ण विराम का प्रयोग, आधी गलती माना जाएगा।

**टिप्पणी :–**

(क) कुछ शब्द ऐसे होते हैं जिन्हें एक से अधिक रूपों में लिखा जा सकता है। ऐसे सभी वर्तनी/रूप स्वीकार्य होंगे और उन्हें त्रुटि नहीं माना जाएगा । सही माना जाएगा।

(ख) आशुलिपि कौशल परीक्षण में त्रुटियों की गणना की विधि :–

$$\text{त्रुटियों का प्रतिशत} = \textbf{X} \; \frac{\text{(पूर्ण त्रुटियॉं + आधी त्रुटियॉं/2) X 100}}{\text{दिए गए गद्यांश के कुल शब्दों की संख्या}}$$

**(iii) प्रतिशत त्रुटियों की गणना के लिए दिये गये गद्यांश में शब्दों की संख्या निम्नानुसार होगी:–**

(1) 400 शब्द 80 शब्द प्रति मिनट की गति से 05 मिनट में।
(2) प्रतिशत को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित किया जाएगा।
उदाहरण के लिए– 5.009 को 5.01 और 5.001 को 5.00 माना जाएगा।

**(2) पुलिस सहायक उपनिरीक्षक, लिपिक (परिशिष्ट–2 में अंकित पात्र अभ्यर्थियों हेतु)**

| टंकण की भाषा | गति | टंकण हेतु निर्धारित समय | टंकण के लिये दिये गये कुल शब्द | शुद्धता का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| हिन्दी टंकण | 25 शब्द प्रति मिनट | 15 मिनट | 400 | 85 प्रतिशत |
| अंग्रेजी टंकण | 30 शब्द प्रति मिनट | 15 मिनट | 500 | 85 प्रतिशत |

**(3) पुलिस सहायक उपनिरीक्षक, लेखा (परिशिष्ट–3 में अंकित पात्र अभ्यर्थियों हेतु)**

| टंकण की भाषा | गति | टंकण हेतु निर्धारित समय | टंकण के लिये दिये गये कुल शब्द | शुद्धता का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| हिन्दी टंकण | 15 शब्द प्रति मिनट | 15 मिनट | 250 | 85 प्रतिशत |

**टंकण परीक्षा में अशुद्धियों का चिन्हांकन तथा शुद्धता एवं टंकण गति के निर्धारण विषयक सूत्र :–**

**(i)– NATURE OF MISTAKES**

**(A) Full Mistakes:** The following errors are treated as full mistakes: -

**(a)** For every omission of a word/figure.

(b) For every substitution of a wrong word/figure, except transposition of words.
(c) For every addition of a word/figure not found in the passage.
(d) For every spelling error committed by way of repetition, or addition, or omission, or substitution of letter/letters, e.g. the word 'spelling' typed as seeplings; seplling; speling; seepling; spelling etc.
(e) For repetition of word/figure, e.g. 'I shall shall be grateful.......
(f) Incomplete words (half type words will be treated as mistake).

**(B) Half Mistake:** The following errors are treated as half mistakes: -

(a) **Spacing Errors:** Where no space is provided between two words, e.g. "Ihope', or undesired space is provided between the words or letters of a word e.g. 'I have', 'I h ave' (space left between a word).
(b) **Wrong Capitalisation:** Wrong typing of a capital letter for small letter or vice-versa. (This does not apply in respect of Hindi Typewriting scripts)
(c) **Punctuation Errors:** Where the punctuation marks is omitted or added or substituted by another.
(d) **Transposition Errors:** Where words are transposed, e.g. the words 'I hope' typed as 'hope I'
(e) **Paragraphic Errors:** Half Mistake shall be treated for each irrational para, where the space given before starting of any paragraph is not uniform, i.e paragraph given manual spaces; without pressing the **Tab Key**, will be treated half-mistake.

**(ii)–त्रुटि का आंकलन करके शुद्धता का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा :–**

$$\text{शुद्धता} = \frac{\text{अभ्यर्थी द्वारा टंकित शुद्ध शब्दों की संख्या} \times 100}{\text{दिये गये गद्यांश के कुल शब्दों की संख्या}}$$

**(iii)–** $$\text{टंकण गति} = \frac{\text{अभ्यर्थी द्वारा टंकित कुल शब्द}}{\text{अभ्यर्थी द्वारा प्रयुक्त समय}}$$

4– लिखित परीक्षाः–

अगर दक्षता (टंकण एवं/या आशुलिपि श्रुतलेख) मूल्यांकन में सफल अभ्यर्थियों की संख्या मृतक आश्रित के रूप में उस पद पर भर्ती किये जाने वाले पदों की संख्या से अधिक है तो उन सभी अभ्यर्थियों की एक लिखित परीक्षा करायी जायेगी। यह परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी। इस परीक्षा में कोई अर्हकारी अंक नहीं होंगे। इस परीक्षा को केवल अभ्यर्थियों का श्रेष्ठता कम निर्धारित करने के लिये आयोजित किया जायेगा, जिसके आधार पर अन्तिम रूप से चयन किया जा सके। यह परीक्षा 400 अंकों की होगी जिसमें सामान्य हिन्दी, सामान्य ज्ञान, संख्यात्मक एवं मानसिक परीक्षा, तार्किक परीक्षा एवं बुद्धलब्धि परीक्षा विषयों के वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 160 प्रश्न होंगे, जिसके लिये 02 घण्टे का समय निर्धारित है। लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम **परिशिष्ट–4** है।

अगर दक्षता मूल्यांकन परीक्षा (टंकण एवं/या आशुलिपि श्रुतलेख) के सफल अभ्यर्थियों की संख्या मृतक आश्रित के रूप में पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पद पर भर्ती की जाने वाली कुल रिक्तियों की संख्या से कम या बराबर होगी तो उस पद के लिये बिना लिखित परीक्षा आयोजित किये उन अभ्यर्थियों को चयनित करते हुये अन्तिम चयन सूची बनायी जायेगी। चयन सूची में स्थान न पाने वाले अभ्यर्थियो को सम्बन्धित पद हेतु असफल घोषित किया जायेगा।

5— दक्षता मूल्यांकन परीक्षा के अन्तर्गत कम्प्यूटर पर टंकण के लिये परीक्षा केन्द्र/स्थान पर प्राधिकृत एजेन्सी द्वारा कम्प्यूटर प्रदान किया जायेगा। अभ्यर्थियों को स्वयं का की–बोर्ड लाने की अनुमति नहीं होगी। किसी भी अभ्यर्थी को उक्त दक्षता मूल्यांकन परीक्षा में कोई छूट अनुमन्य नहीं होगी। **दक्षता मूल्यांकन परीक्षा (टंकण एवं/या आशुलिपि श्रुतलेख) दिनांक 17.02.2026 को जनपद–लखनऊ में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। पात्र अभ्यर्थी दिनांक 06.02.2026 को सायं 05:00 बजे से बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर दिये गये लिंक पर क्लिक कर इस विज्ञप्ति के साथ संलग्न परिशिष्ट/सूची में अंकित नाम के सम्मुख उल्लिखित अनुक्रमांक संख्या एवं जन्मतिथि अंकित कर प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।** प्रवेश पत्र में अंकित महत्वपूर्ण निर्देशों का भली–भांति अध्ययन कर इसका अनुपालन सुनिश्चित करते हुये प्रवेश पत्र में निर्धारित स्थान पर अपना रंगीन फोटोग्राफ चिपकायेंगे, सेवायोजन प्रस्तावक जनपद/इकाई के कार्यालयाध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत करेंगे, जिसे कार्यालयाध्यक्ष द्वारा सत्यापित किया जायेगा तथा मूल प्रवेश–पत्र की छायाप्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रवेश पत्र में अंकित महत्वपूर्ण निर्देशों का भली–भांति अध्ययन कर इसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा में अनुपस्थित अथवा परीक्षा में भाग लेकर विहित मानक प्राप्त न कर सकने के कारण असफल हो जाने वाले अभ्यर्थी को दूसरा मौका नहीं दिया जायेगा और स्वास्थ्य के कारण या किसी अन्य आधार पर चाहे जो भी हो, पुनः परीक्षा के लिये अपील नहीं की जा सकेगी।

6— अभ्यर्थीगण पहचान हेतु अपना मूल आधार/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेन्स में से कोई एक पहचान पत्र साथ लायेंगे। सभी अभ्यर्थियों का बायोमैट्रिक डाटा भी परीक्षा केन्द्र पर लिया जायेगा। अभ्यर्थीगण प्रवेश–पत्र में अंकित केन्द्र पर निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

7— दक्षता मूल्यांकन परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिये लिखित परीक्षा आयोजित किये जाने की आवश्यकता होने पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी एवं उस परीक्षा के आयोजन की तिथि के सम्बन्ध में बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से यथासमय सूचित किया जायेगा।

8— यह सूचना सर्व साधारण के लिये प्रकाशित की जा रही है। अतः जो सूचनायें इस सूचना/विज्ञप्ति के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही हैं, उसके सम्बन्ध में सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे और न ही उन पर बोर्ड द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

संलग्नकः

1— पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची (परिशिष्ट–1)
2— पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची (परिशिष्ट–2)
3— पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची (परिशिष्ट–3)
4— लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम (परिशिष्ट–4)

ह० 20/1/26

**अपर सचिव, प्रोन्नति**
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।

## परिशिष्ट–1

### मृतक आश्रित के अन्तर्गत पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) के पद पर सेवायोजन हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची

| क्र0 सं0 | अनुक्रमांक | अभ्यर्थी का नाम | दिवंगत पुलिस कर्मी का नाम | मृत कर्मी से सम्बन्ध | आवेदित पद | प्रस्तावक जनपद/इकाई | जन्मतिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 260217001 | ARUN KUMAR | LATE SHAILESH KUMAR | SON | SI (Confidential) | CHANDAULI | 01-01-1994 |
| 2 | 260217002 | NITAKSHI SHARMA | LATE RAJA BABU SHARMA | DAUGHTER | SI (Confidential) | 35 BN PAC,LUCKNOW | 02-07-2002 |
| 3 | 260217003 | MUKESH RAI | LATE ANIL KUMAR RAI | SON | SI (Confidential) | 35 BN PAC,LUCKNOW | 30-03-2012 |
| 4 | 260217004 | SHIVAM SRIVASTAVA | LATE RAM CHANDER | SON | SI (Confidential) | 11 BN PAC, SITAPUR | 05-01-1994 |
| 5 | 260217005 | DILIP KUMAR | LATE SATISH CHANDRA | SON | SI (Confidential) | MATHURA | 18-03-2003 |
| 6 | 260217006 | SIDDHARTH RAI | LATE SHARMA RAJBHAR | SON | SI (Confidential) | COMMISSIONERATE VARANASI | 09-08-2001 |
| 7 | 260217007 | SHUBHAM SINGH | LATE SUBAS CHANDRA SINGH | SON | SI (Confidential) | DEORIA | 24-05-2003 |
| 8 | 260217008 | SIDDHARTH KUMAR BHARTI | LATE SHAMBUNATH | SON | SI (Confidential) | SANTKABIR NAGAR | 04-08-1998 |
| 9 | 260217009 | DILEEP KUMAR PREMI | LATE RAM SAHAY | SON | SI (Confidential) | BASTI | 20-07-1987 |
| 10 | 260217010 | GUFRAN AHMAD | LATE ISLAMUDDIN | SON | SI (Confidential) | 41 BN PAC GAZIABAD | 10-07-1998 |
| 11 | 260217011 | ASHVANI KUMAR TRIPATHI | LATE PRIY KUMAR TRIPATHI | SON | SI (Confidential) | COMMISSIONERATE LUCKNOW | 30-01-1998 |
| 12 | 260217012 | BHANU PRATAP SINGH | LATE JITENTRA SINGH | SON | SI (Confidential) | 37 BN PAC KANPUR | 07-02-1990 |
| 13 | 260217013 | KARTIKEY SINGH | LATE SUKHVEER SINGH | SON | SI (Confidential) | 37 BN PAC KANPUR | 09-06-2001 |

S

अपर सचिव, प्रोन्नति
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।

## परिशिष्ट–2

### मृतक आश्रित के अन्तर्गत पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) के पद पर सेवायोजन हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची

| क0सं0 | अनुक्रमांक | अभ्यर्थी का नाम | दिवंगत पुलिस कर्मी का नाम | मृत कर्मी से सम्बन्ध | आवेदित पद | प्रस्तावक जनपद / इकाई | जन्मतिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 260217014 | PRAMOD KUMAR SINGH | LATE CHANDRASEN | SON | ASI (Ministerial) | SHAHJAHANPUR | 18-02-1987 |
| 2 | 260217015 | SHWETA SRIVASTAVA | LATE ASHOK SRIVASTAVA | DAUGHTER | ASI (Ministerial) | SONBHADRA | 10-08-1989 |
| 3 | 260217016 | JITENDRA KUSHWAHA | LATE ARTI SINGH KUSHWAHA | HUSBAND | ASI (Ministerial) | BHADOHI | 08-12-1994 |
| 4 | 260217017 | SUDHA | LATE PUSHPENDRA SINGH | WIFE | ASI (Ministerial) | COMM. AGRA | 30-06-1986 |
| 5 | 260217018 | NARENDRA SINGH YADAV | LATE GIRENDRA SINGH | SON | ASI (Ministerial) | MATHURA | 02-01-1990 |
| 6 | 260217019 | YAGYESWAR GAUTAM | LATE GOVINDRAM GAUTAM | SON | ASI (Ministerial) | FIROZABAD | 08-06-1995 |
| 7 | 260217020 | KM MEENU | LATE SACHIN KUMAR | WIFE | ASI (Ministerial) | COMM. AGRA | 01-08-1988 |
| 8 | 260217021 | PRASHANT KUMAR PANDEY | LATE BHOOPENDRA NATH PANDEY | SON | ASI (Ministerial) | 30 BN PAC GONDA | 30-01-1996 |
| 9 | 260217022 | VIKAS KUMAR YADAV | LATE BHAL CHANDRA YADAV | SON | ASI (Ministerial) | 30 BN PAC GONDA | 01-01-1999 |
| 10 | 260217023 | ARTI YADAV | LATE ANUP KUMAR YADAV | WIFE | ASI (Ministerial) | 35 BN PAC LUCKNOW | 23-01-1991 |
| 11 | 260217024 | VIPIN YADAV | LATE YASHWANT YADAV | SON | ASI (Ministerial) | VARANASI | 25-09-2001 |
| 12 | 260217025 | ABAD UL HAQUE | LATGE IZHAR UL HAQUE | SON | ASI (Ministerial) | FIROZABAD | 16-02-2002 |
| 13 | 260217026 | AKSHAY KUMAR | LATE LALLU YADAV | SON | ASI (Ministerial) | GHAZIPUR | 05-05-1998 |
| 14 | 260217027 | MINAKSHI AWASTHI | LATE RAJESH KUMAR AWASTHI | WIFE | ASI (Ministerial) | AGRA | 23-12-1977 |
| 15 | 260217028 | AJEET KUMAR YADAV | LATE RAM SUMER YADAV | SON | ASI (Ministerial) | GORAKHPUR | 23-01-1999 |
| 16 | 260217029 | VISHWAJEET SHUKLA | LATE RAM SHANKAR SHUKLA | SON | ASI (Ministerial) | SECURITY HQ, LUCKNOW | 25-12-1998 |
| 17 | 260217030 | ANJALI KUMARI | LATE BRIJ KISHOR LAL | DAUGHTER | ASI (Ministerial) | GORAKHPUR | 16-03-1991 |
| 18 | 260217031 | KM POOJA | LATE MOOLCHANDRA PRASAD | DAUGHTER | ASI (Ministerial) | BASTI | 05-06-1993 |
| 19 | 260217032 | RAGHVENDRA SINGH | LATE SUBHASH SINGH | SON | ASI (Ministerial) | DEORIA | 23-03-2002 |
| 20 | 260217033 | SHUBHANGI SINGH | LATE RANDHEER SINGH | DAUGHTER | ASI (Ministerial) | BASTI | 15-09-1999 |
| 21 | 260217034 | KM ARCHANA UPADHYAY | LATE RAJESH KUMAR UPADHYAY | DAUGHTER | ASI (Ministerial) | SHRAWASTI | 24-06-1995 |
| 22 | 260217035 | ADITYA PRATAP SINGH | LATE ANIL KUMAR SINGH | SON | ASI (Ministerial) | SIDDHARTHNAGAR | 29-05-2003 |
| 23 | 260217036 | AAKARSHI SINGH | LATE VINOD KUMAR SINGH | DAUGHTER | ASI (Ministerial) | EOW HEADQUARTERS, LUCKNOW | 20-09-1995 |
| 24 | 260217037 | SANDEEP KUMAR PATEL | LATE SURENDRA KUMAR | SON | ASI (Ministerial) | EOW HEADQUARTERS, LUCKNOW | 26-04-1995 |
| 25 | 260217038 | MITHLESH SINGH | LATE PRADEEP SINGH | BROTHER | ASI (Ministerial) | BALRAMPUR | 20-07-1997 |
| 26 | 260217039 | RAVI KUMAR SONKAR | LATE SHOBHA LAL | SON | ASI (Ministerial) | CBCID, HEADQUARTERS, LUCKNOW | 14-03-1993 |
| 27 | 260217040 | SMT. ANAMIKA PANDEY | LATE RUDRESH NANDAN PANDEY | WIFE | ASI (Ministerial) | KUSHINAGAR | 01-01-1989 |
| 28 | 260217041 | VICTOR SINGH | LATE RAMPAL | SON | ASI (Ministerial) | STF, LUCKNOW | 01-03-1992 |
| 29 | 260217042 | ANUBHAV MISHRA | LATE ANURUDH PRASAD MISHRA | SON | ASI (Ministerial) | KHEERI | 15-01-2001 |
| 30 | 260217043 | KULDEEP SINGH | LATE NARENDRA PAL SINGH | SON | ASI (Ministerial) | COMM. LUCKNOW | 05-07-1988 |
| 31 | 260217044 | KIRTI SINGH | LATE BRIJVEER SINGH | DAUGHTER | ASI (Ministerial) | 6 BN PAC RRF, MEERUT | 01-09-2000 |
| 32 | 260217045 | NIDHI JAISWAL | LATE SHARVAN KUMAR | WIFE | ASI (Ministerial) | HARDOI | 10-10-1995 |
| 33 | 260217046 | RAHUL KUMAR | LATE SURENDRA VIKRAM PAL SINGH | SON | ASI (Ministerial) | HARDOI | 01-06-1996 |

परिशिष्ट–2

मृतक आश्रित के अन्तर्गत पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) के पद पर सेवायोजन हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची

| क्र0सं0 | अनुक्रमांक | अभ्यर्थी का नाम | दिवंगत पुलिस कर्मी का नाम | मृत कर्मी से सम्बन्ध | आवेदित पद | प्रस्तावक जनपद / इकाई | जन्मतिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 34 | 260217047 | SHITALA PRASAD KASHYAP | LATE SHANKAR DEI | SON | ASI (Ministerial) | RAEBARELI | 02-05-1980 |
| 35 | 260217048 | MUKESH KUMAR | LATE MAHESH PRASAD SONI | SON | ASI (Ministerial) | COMM. LUCKNOW | 05-07-1991 |
| 36 | 260217049 | VAIBHAV MISHRA | LATE VINAY KUMAR MISHRA | SON | ASI (Ministerial) | BARABANKI | 14-01-2000 |
| 37 | 260217050 | NEERAJ YADAV | LATE OM PRAKASH | SON | ASI (Ministerial) | SITAPUR | 09-05-2003 |
| 38 | 260217051 | ANKUR DWIVEDI | LATE RAMA KANT DWIVEDI | SON | ASI (Ministerial) | COMM. KANPUR NAGAR | 15-09-1995 |
| 39 | 260217052 | SRISHTI SRIVASTAVA | LATE SHAILESH SRIVASTAVA | DAUGHTER | ASI (Ministerial) | COMM. KANPUR NAGAR | 13-12-2000 |
| 40 | 260217053 | PAWAN KUMAR SHUKLA | LATE YAGYA NATH SHUKLA | SON | ASI (Ministerial) | COMM. KANPUR NAGAR | 05-08-1996 |
| 41 | 260217054 | KULDEEP | LATE JAIPAL SINGH | SON | ASI (Ministerial) | COMM. GHAZIABAD | 04-11-1980 |
| 42 | 260217055 | ARUNENDRA PRATAP SINGH | LATE RAKESH SINGH | SON | ASI (Ministerial) | JALAUN | 08-10-1990 |
| 43 | 260217056 | SHIVAM RAGHAV | LATE YOGENDRA SINGH | SON | ASI (Ministerial) | SHAMLI | 05-04-1999 |
| 44 | 260217057 | ANJALI YADAV | LATE SARVESH KUMAR | DAUGHTER | ASI (Ministerial) | BULANDSHAHAR | 12-02-1997 |
| 45 | 260217058 | KM DIVYANSHI VERMA | LATE DAULTI VERMA | DAUGHTER | ASI (Ministerial) | COMM. KANPUR NAGAR | 15-04-1998 |
| 46 | 260217059 | SHIVANSHI | LATE SUIRENDER KUMAR | DAUGHTER | ASI (Ministerial) | MEERUT | 27-07-2002 |
| 47 | 260217060 | HIMANSHU KUMAR SINGH | LATE JITENDRA KUMAR SINGH | SON | ASI (Ministerial) | 33 BN PAC, JHANSI | 15-12-2001 |
| 48 | 260217061 | SMT. POOJA RANI | LATE PRASHANT | WIFE | ASI (Ministerial) | SAHARANPUR | 26-09-1991 |
| 49 | 260217062 | ATEET SINGH | LATE POORAN BAHADUR SINGH | SON | ASI (Ministerial) | JALAUN | 08-10-2000 |

अपर सचिव, प्रोन्नति
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।

## परिशिष्ट–3

### मृतक आश्रित के अन्तर्गत पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पद पर सेवायोजन हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची

| क0सं0 | अनुक्रमांक | अभ्यर्थी का नाम | दिवंगत पुलिस कर्मी का नाम | मृत कर्मी से सम्बन्ध | आवेदित पद | प्रस्तावक जनपद/इकाई | जन्मतिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 260217063 | KIRAN DIWAKAR | LATE DHARMPAL | DAUGHTER | ASI (Account) | PILIBHIT | 05-03-1998 |
| 2 | 260217064 | BHARAT BHUSHAN | LATE GOVIND NARAYAN | SON | ASI (Account) | RANGE OFFICE, PRAYAGRAJ | 19-09-1994 |
| 3 | 260217065 | PRADEEP KUMAR | LATE MAHENDRA SINGH | SON | ASI (Account) | 28 BN PAC ETAWAH | 14-05-1993 |
| 4 | 260217066 | RAJ GUPTA | LATE PAVAN KUNAR GUPTA | SON | ASI (Account) | KANPUR NAGAR | 25-09-2000 |

अपर सचिव, प्रोन्नति
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।

# सेवाकाल में दिवंगत पुलिस कर्मियों के आश्रितों को पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक/लेखा) के पद पर सेवायोजन हेतु लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम

**1–सामान्य हिन्दी**–1– हिन्दी और अन्य भारतीय भाषायें, 2–हिन्दी व्याकरण का मौलिक ज्ञान– हिन्दी वर्णमाला, तत्भव–तत्सम, पर्यायवाची, विलोम, अनेकार्थक, वाक्यांशों के स्थान पर एक शब्द, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, अशुद्ध वाक्यों का शुद्ध करना, लिंग वचन, कारक, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, काल, वाच्य, अव्यय, उपसर्ग, प्रत्यय, सन्धि, समास, विराम–चिन्ह, मुहावरे एवं लोकोक्तियां, रस, छनद, अलंकार आदि, 3– अपठित बोध, 4: प्रसिद्ध कवि, लेखक एवं उनकी प्रसिद्ध रचनायें, 5– हिन्दी भाषा में पुरस्कार, 6– विविध।

2–**सामान्य ज्ञान**–

**(क)**– सामान्य विज्ञान, स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य विज्ञान, भारत का इतिहास, भारत का स्वतंत्रता संग्राम, भारतीय अर्थव्यवस्था एवं संस्कृति, भारतीय कृषि, वाणिज्य एवं व्यापार, जनसंख्या, पर्यावरण एवं नगरीकरण, एफ0डी0आई0 (फारेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट), विश्व भूगोल तथा भारत का भूगोल और प्राकृतिक संसाधन, राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के समसामयिक विषय, उत्तर प्रदेश की शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक प्रथाओं के सम्बन्ध में विशिष्ट जानकारी, उत्तर प्रदेश में राजस्व, पुलिस व सामान्य प्रशासनिक व्यवस्था, भारत और उसके पडोसी देशों के बीच सम्बन्ध, कम्प्यूटर कौशल की आधारभूत जानकारी, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का मौलिक/आधारभूत ज्ञान, सोशल मीडिया कम्युनिकेशन।

**3–संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षा (Numerical and Mental Ability Test)**

**(क)** संख्यात्मक योग्यता परीक्षा– Number System- संख्या पद्धति, Simplification–सरलीकरण, Decimals and Fraction-दशमलव और भिन्न, Highest Common Factor and lowest common multiple- महत्तम समापवर्तक और लघुतम समापवर्तक, Ratio and Proportion- अनुपात एवं समानुपात, Percentage-प्रतिशतता, Profit and Loss- लाभ और हानि, Discount-छूट, Simple Interest-साधारण ब्याज, Compound Interest-चकवृद्धि ब्याज, Partnership-भागीदारी, Average-औसत, Time and Work-समय और कार्य, Time and Distance-समय और दूरी, Use of Tables and Graphs-सारणी एवं ग्राफ का प्रयोग, Mensuration -मेन्सुरेशन, Airthmatical computations and other analytical function-अंकगणितीय संगणना व अन्य विश्लेषणात्मक कार्य, Miscellaneous-विविध।

**(ख) मानसिक योग्यता परीक्षा**– Logical Diagrams-तार्किक आरेख, Symbol-Relationship Interpretation-संकेत–सम्बन्ध विश्लेषण, Perception Test-प्रत्यक्ष ज्ञान बोध, Word Formation Test-शब्द रचना परीक्षण, Letter and Number Series- अक्षर और संख्या श्रृंखला- Word and Alphabet Analogy-शब्द और वर्णमाला में आंशिक समरूपता, Common Sense Test-व्यवहारिक ज्ञान परीक्षण, Direction Sense Test-दिशा ज्ञान परीक्षण, Logical Interpretation of Data-आकडों का तार्किक विश्लेषण, Forcefulness of Argument-प्रभावी तर्क, Determining Implied Meaning–अन्तर्निहित भावों का विनिश्चय करना।

4– तार्किक परीक्षा / बुद्धिलब्धि परीक्षा **(Reasoning / Intelligence Quotient Test):-**

(क) तार्किक परीक्षा **(Test of Reasoning):-**

Analogies-समरूपता, Similarities-समानता, Differences-भिन्नता, Space visualization- खाली स्थान भरना, Problem solving -समस्या को सुलझाना, Analysis Judgment -विश्लेषण निर्णय, Decision-making-निर्णायक क्षमता, Visual memory-दृश्य स्मृति, Discrimination-विभेदन क्षमता, Observation-पर्यवेक्षण, Relationship-सम्बन्ध, Concepts-अवधारणा, Arithmetical Reasoning-अंकगणितीय तर्क, Verbal and figure classification-शब्द और आकृति वर्गीकरण, Arithmetical number series-अंकगणितीय श्रृंखला, Abilities to deal with abstract ideas and symbols and their realtionships –अमूर्त विचारों व प्रतीकों तथा उनके सम्बन्धों से सामंजस्य की क्षमता।

(ख) बुद्धिलब्धि परीक्षा-**(Intelligence Quotient Test)-** Relationship and Analogy Test-सम्बन्ध व आंशिक समानता परीक्षण, Spotting out the dissimilarity- असमान को चिन्हित करना, Series Completion Test-श्रृंखला पूरी करने का परीक्षण, Coding and decoding Test-संकेत लिपि एवं सांकेतिक लिपि को समझना, Direction Sense Test-दिशा ज्ञान परीक्षण, Blood Relation-रक्त सम्बन्ध, Problem based on alphabet-वर्णमाला पर आधारित प्रश्न, Time sequence test-समय–कम परीक्षण, Venn Diagram and chart type test- वेन आरेख और चार्ट सदृश्य परीक्षण, mathmetical ability Test-गणितीय योग्यता परीक्षण, Arranging in order-कम में व्यवस्थित करना।

**नोट**– उपर्युक्त पाठ्यकम केवल सांकेतिक है।

20/11/24

**अपर सचिव, प्रोन्नति**
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ ।